TII/XII/0111

विषय कोड :
Subject Code : **306/331**

811-

प्रश्न पुस्तिका क्रमांक
Question Booklet Serial No.

INTERMEDIATE EXAMINATION-2026

इन्टरमीडिएट परीक्षा - 2026

(ANNUAL / वार्षिक)

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड
Question Booklet Set Code

A

HINDI (Compulsory)

हिन्दी (अनिवार्य)

I. A.

कुल मुद्रित पृष्ठ : 24
Total Printed Pages : 24

फुल प्रश्न : 100 + 6 = 106
Total Questions : 100 + 6 = 106

(पूर्णांक : 100)
[Full Marks : 100]

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[Time : 3 Hours 15 Minutes]

परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :

1. *परीक्षार्थी OMR उत्तर-पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।*
2. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
3. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
4. *प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*
5. *यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है— खण्ड-अ एवं खण्ड-ब।*
6. ***खण्ड-अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।** 50 प्रश्नों से अधिक का उत्तर देने पर प्रथम 50 का ही मूल्यांकन होगा। प्रत्येक के लिए **1 अंक निर्धारित है।** इनका उत्तर देने के लिए उपलब्ध कराये गए **OMR** उत्तर-पत्रक में दिए गए सही विकल्प को नीले / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। **किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/ तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।***
7. ***खण्ड - ब में 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं।** प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं ।*
8. *किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।*

by:BSEBResult.In

खण्ड - अ

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर-पत्रक पर चिह्नित करें। **50 × 1 = 50**

1. सिपाही की माँ निम्नांकित में से कौन है ?

(A) बिशनी (B) मुन्नी

(C) चुन्नी (D) कुंती

2. गंडक नदी का जल सदियों से कैसा रहा है ?

(A) चंचल (B) शांत

(C) ठहरा (D) गर्म

3. 'नारी और नर' एक ही द्रव्य की ढली दो प्रतिमाएँ हैं -

यह पंक्ति किस रचयिता की है ?

(A) दिनकर (B) मुक्तिबोध

(C) मलयज (D) भगत सिंह

4. 'सौ अजान एक सुजान' शीर्षक रचना किसकी है ?

(A) मोहन राकेश की (B) बालकृष्ण भट्ट की

(C) नामवर सिंह की (D) भगत सिंह की

by:BSEBResult.In

5. 'रोज' शीर्षक कहानी में मालती के पुत्र का क्या नाम है ?

(A) चंद्रधर (B) कृष्ण

(C) टिटी (D) मिठी

6. 'संस्कृति के चार अध्याय' शीर्षक रचना किसकी है ?

(A) दिनकर (B) भगत सिंह

(C) प्रसाद (D) सूरदास

7. 'बोलते क्षण' शीर्षक रचना किसकी है ?

(A) उदय प्रकाश (B) मलयज

(C) ✓ जगदीशचंद्र माथुर (D) बालकृष्ण भट्ट

8. पठित पाठ में भगत सिंह ने सुखदेव को पत्र कहाँ से लिखा है ?

(A) घर से (B) विदेश से

(C) जेल से (D) कानपुर से

9. 'कामायनी' शीर्षक रचना किसकी है ?

(A) ✓ जयशंकर प्रसाद (B) दिनकर

(C) सूरदास (D) जायसी

by:BSEBResult.In

10. "तेरी कुड़माई हो गई ?" – इस कथन का सम्बंध किस कहानी से है ?

(A) उसने कहा था (B) पूस की रात

(C) रोज (D) तिरिछ

11. जयप्रकाश नारायण का पुकार नाम क्या था ?

(A) बबुआ (B) जगन

(C) नारायण (D) बाउल

12. 'कामिनी तो अपने साथ यामिनी की शांति लाती है ।' – किस पाठ की पंक्ति है ?

(A) अर्धनारीश्वर (B) तिरिछ

(C) उसने कहा था (D) जूठन

13. 'रोज' शीर्षक कहानी की नायिका कौन है ?

(A) रागिनी (B) कुंती

(C) बिशनी (D) मालती

14. "केवल कष्ट सहकर ही देश की सेवा की जा सकती है" – यह किस पाठ की उक्ति है ?

(A) एक लेख और एक पत्र (B) सिपाही की माँ

(C) ओ सदानीरा (D) तिरिछ

by:BSEBResult.In

15. गंडक नदी की चर्चा किस शीर्षक पाठ में है ?

(A) ओ सदानीरा (B) रोज

(C) अर्धनारीश्वर (D) उसने कहा था

16. 'लपटन साहब' किस कहानी का पात्र है ?

(A) उसने कहा था (B) रोज

(C) तिरिछ (D) जूठन

17. प्रिंस क्रोपोटकिन किस विषय के विद्वान थे ?

(A) हिन्दी (B) दर्शन

(C) अर्थशास्त्र (D) समाजशास्त्र

18. 'मानक' किस नाटक का पात्र है ?

(A) सिपाही की माँ (B) आधे-अधूरे

(C) लहरों के राजहंस (D) आषाढ़ का एक दिन

19. 'पंडित राम औतार' किस रचना का पात्र है ?

(A) तिरिछ (B) रोज

(C) जूठन (D) उसने कहा था

by:BSEBResult.In

20. 'पंच परमेश्वर' की चर्चा किस शीर्षक कविता में हुई है ?

(A) गाँव का घर (B) पुत्र-वियोग

(C) हार-जीत (D) उषा

21. 'भितिहरवा' नामक स्थान का वर्णन किस शीर्षक पाठ में है ?

(A) ओ सदानीरा (B) तिरिछ

(C) जूठन (D) रोज

22. 'तिरिछ' शीर्षक पाठ में लेखक के पिताजी किस ग्राम के प्रधान हैं ?

(A) सुगौली (B) लमही

(C) बघेली (D) बकेली

23. भूषण का जन्म कहाँ हुआ था ?

(A) तिकवाँपुर में (B) श्योपुर में

(C) सीतापुर में (D) सिमरिया में

24. जयशंकर प्रसाद का जन्म कहाँ हुआ था ?

(A) वाराणसी में (B) प्रयागराज में

(C) लखनऊ में (D) जयपुर में

by:BSEBResult.In

25. सुभद्रा कुमारी चौहान रचित 'पुत्र-वियोग' कैसी रचना है ?

(A) हर्षगीति (B) व्यंग्यगीति

(C) शोकगीति (D) शृंगारगीति

26. 'सिपाही की माँ' शीर्षक पाठ में दीनू कौन था ?

(A) सिपाही (B) कुम्हार

(C) डाकबाबू (D) जमींदार

27. ज्ञानेन्द्रपति का जन्म कहाँ हुआ था ?

(A) झारखंड (B) बिहार

(C) उड़ीसा (D) दिल्ली

28. चंद्रधर शर्मा गुलेरी के पिता का नाम क्या था ?

(A) पं० शिवराम (B) शिवराम शर्मा

(C) शिवशंकर (D) शिवजीराम

29. जयप्रकाश नारायण के माता-पिता का नाम क्या था ?

(A) फूलरानी एवं हरसूदयाल (B) फूलवती एवं दयालुराम

(C) रानी फूलवती एवं हरसूदयाल (D) फूल कुमारी एवं हरदयाल सिंह

by:BSEBResult.In

30. 'गाँव का घर' शीर्षक कविता में टिकुली साटने के लिए किस पेड़ के गोंद का प्रयोग किया गया है ?

(A) कटहल (B) सहजन

(C) आम (D) पीपल

31. तुलसीदास की पत्नी का नाम क्या था ?

(A) श्यामावली (B) रत्नावली

(C) प्रभावती (D) चन्द्रावती

32. 'गाँव का घर' शीर्षक पाठ के अनुसार बेटा को अवकी दहेज में क्या मिला है ?

(A) लालटेन (B) मकान

(C) मोटरकार (D) टी० वी०

33. 'भूषण' के भाई का क्या नाम था ?

(A) रत्नाकर त्रिपाठी (B) मतिराम

(C) बिहारी (D) केशवदास

34. निम्नलिखित में कौन जयशंकर प्रसाद रचित उपन्यास नहीं है ?

(A) जन्मेजय का नागयज्ञ (B) कंकाल

(C) तितली (D) इरावती

by:BSEBResult.In

35. अशोक वाजपेयी को निम्नलिखित में कौन पुरस्कार प्राप्त है ?

(A) साहित्य अकादमी पुरस्कार

(B) दयावती मोदी कवि शेखर सम्मान

(C) ऑफिसर आव् द आर्डर आव् क्रास

(D) इनमें से सभी

36. ज्ञानेन्द्रपति का जन्म किस वर्ष हुआ था ?

(A) 1959 ई० (B) 1980 ई०

(C) 1960 ई० (D) 1950 ई०

37. चन्द्रधर शर्मा गुलेरी का जन्म किस वर्ष हुआ था ?

(A) 1887 ई० (B) 1880 ई०

(C) 1885 ई० (D) 1883 ई०

38. 'पुत्र वियोग' शीर्षक कविता में कवयित्री ने छौना किसे कहा है ?

(A) हिरन के बच्चे को (B) अपने पुत्र को

(C) पड़ोसी के बच्चे को (D) अपने पति को

39. भगत सिंह का जन्म किस वर्ष हुआ था ?

(A) 1906 ई० (B) 1907 ई०

(C) 1908 ई० (D) 1900 ई०

by:BSEBResult.In

10. निम्नलिखित में कौन कवि छायावादी हैं ?

(A) जयशंकर प्रसाद (B) नाभादास

(C) भूषण (D) तुलसीदास

41. सुभद्रा कुमारी चौहान रचित कविता है

(A) पुत्र वियोग (B) उषा

(C) हार-जीत (D) अधिनायक

42. 'प्रकृति-वर्णन' से संबंधित कविता है

(A) छप्पय (B) उषा

(C) अधिनायक (D) कवित्त

43. 'कवियों का कवि' किस कवि को कहा जाता है ?

(A) निराला को (B) शमशेर बहादुर सिंह को

(C) दिनकर को (D) मुक्तिबोध को

44. 'अधिनायक' कैसी कविता है ?

(A) व्यंग्यात्मक (B) ऐतिहासिक

(C) उपदेशात्मक (D) शृंगारिक

by:BSEBResult.In

45. निम्नलिखित में से गद्य-कविता कौन है ?

(A) अधिनायक (B) उषा

(C) गाँव का घर (D) हार-जीत

46. फ्रैंका की आया कौन थी ?

(A) बनाशो (B) ऐमिली

(C) कारमेन (D) फर्डिनांड

47. हेनरी लोपेज कहाँ के रहने वाले थे ?

(A) चीन के (B) रूस के

(C) कांगो के (D) अमेरिका के

48. अंतोन चेखव किस स्तर के लेखक थे ?

(A) विश्व स्तर के (B) चीनी स्तर के

(C) भारत स्तर के (D) अमेरिका स्तर के

49. 'कुड़माई' का अर्थ क्या होता है ?

(A) मिलन (B) सगाई

(C) गौना (D) तिलक

by:BSEBResult.In

50. 'उसने कहा था' शीर्षक कहानी में किस शहर का चित्रण है ?

(A) अमृतसर का (B) जयपुर का

(C) चंडीगढ़ का (D) लखनऊ का

51. निम्न में से दलित आत्मकथा कौन है ?

(A) तिरिछ (B) अधिनायक

(C) रोज (D) जूठन

52. हिन्दी में मूल स्वरों की संख्या कितनी है ?

(A) चार (B) तीन

(C) दो (D) पाँच

53. 'कठोर' शब्द का विलोम क्या होगा ?

(A) कोमल (B) कुसुम

(C) कली (D) द्रव्य

54. 'अधिकतम' शब्द का विलोम क्या होगा ?

(A) लघु (B) अत्यधिक

(C) अधिकांश (D) न्यूनतम

by:BSEBResult.In

55. 'व' वर्ण का उच्चारण-स्थान है

(A) ओष्ठ (B) कंठतालव्य

(C) दंतोष्ठ्य (D) कंठोष्ठ्य

56. 'जड़' शब्द का विलोम क्या होगा ?

(A) चेतन (B) जंगम

(C) जन्म (D) नश्वर

57. निम्नलिखित में कौन दीर्घ स्वर नहीं है ?

(A) आ (B) ई

(C) ऋ (D) ऊ

58. 'वीरता' शब्द में प्रत्यय क्या है ?

(A) वी (B) ता

(C) वीर (D) अ

59. 'पढ़ाई' शब्द में प्रत्यय क्या है ?

(A) ढ़ाई (B) ई

(C) आई (D) इ

by:BSEBResult.In

60. 'संसार' शब्द का संधि-विच्छेद क्या है ?

(A) सम + सार (B) सम् + सार

(C) सं + सर (D) स + सार

61. 'उद्योग' शब्द का संधि-विच्छेद क्या है ?

(A) उद् + योग (B) उ् + योग

(C) उ + दयोग (D) उद + योग

62. 'सज्जन' शब्द का संधि-विच्छेद क्या है ?

(A) सम् + जन (B) सत् + जन

(C) सज् + जन (D) सद् + जन

63. निम्नलिखित में कौन अनुनासिक वर्ण नहीं है ?

(A) ङ (B) ञ

(C) न (D) य

64. हिन्दी भाषा के मूल शब्द को क्या कहा जाता है ?

(A) तत्सम (B) तद्भव

(C) देशज (D) विदेशी

by:BSEBResult.In

65. निम्नलिखित में अशुद्ध शब्द कौन है ?

(A) त्रिदेव (B) त्रिकोण

(C) त्रीदेव (D) पिता

66. 'जिसके चार पद हैं' – के लिए एक शब्द क्या है ?

(A) चौमासा (B) चतुरानन

(C) चतुष्पद (D) चौराहा

67. 'जिसे भय नहीं है' – के लिए एक शब्द क्या है ?

(A) निष्ठुर (B) निर्भय

(C) निर्दय (D) निर्मल

68. निम्नलिखित में कौन योगरूढ़ शब्द है ?

(A) नाक (B) मेघालय

(C) चक्रपाणि (D) औषधालय

69. 'जो बहुत बोलता है' – के लिए एक शब्द क्या होगा ?

(A) गुणवान (B) वागीश

(C) वाचाल (D) वाचस्पति

by:BSEBResult.In

70. निम्नलिखित में कौन तद्भव शब्द है ?

(A) क्षीर (B) जल

(C) वायु (D) हाथ

71. 'कपड़ा' शब्द का पर्यायवाची क्या होगा ?

(A) मृगांक (B) वसन

(C) उदक (D) पदम

72. 'अमृत' शब्द का पर्यायवाची क्या होगा ?

(A) सुधा (B) शस्य

(C) दर्प (D) वैश्वानर

73. 'चमक' का विशेषण है

(A) चमकी (B) चमकीला

(C) चीमकी (D) चमकीन

74. निम्नलिखित में शुद्ध शब्द कौन है ?

(A) अग्रज (B) अनूजा

(C) भष्ठ (D) अस्थान

by:BSEBResult.In

75. निम्नलिखित में शुद्ध शब्द कौन है ?

(A) वीद्यार्थि (B) विद्यार्थी

(C) परिक्षार्थी (D) वीद्यालय

76. 'अमरेश सुडौल शरीर का स्वामी है' - इस वाक्य में गुणवाचक विशेषण है

(A) अमरेश (B) सुडौल

(C) शरीर (D) स्वामी

77. 'तवर्ग' का उच्चारण स्थान क्या है ?

(A) दंत (B) ओष्ठ

(C) कण्ठ (D) तालु

78. 'यह कार्य मुझसे हो जाएगा' - यह किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) निजवाचक (B) अनिश्चयवाचक

(C) निश्चयवाचक (D) सम्बंधवाचक

79. 'मिठास' किस संज्ञा का उदाहरण है ?

(A) भाववाचक (B) समूहवाचक

(C) जातिवाचक (D) द्रव्यवाचक

by:BSEBResult.In

80. किन संज्ञाओं का प्रयोग एकवचन में होता है ?

(A) समूहवाचक (B) द्रव्यवाचक

(C) भाववाचक (D) व्यक्तिवाचक

81. 'प्रशांत विद्यालय गया होगा' – यह वाक्य किस काल से सम्बंधित है ?

(A) संदिग्ध भूत (B) पूर्ण भूत

(C) आसन्न भूत (D) हेतुहेतुमद्भूत

82. 'अनुज' शब्द का स्त्रीलिंग शब्द क्या है ?

(A) अनजी (B) अनुजी

(C) अनुजा (D) अनुजिन

83. 'ईमान' शब्द कौन लिंग है ?

(A) पुंलिंग (B) स्त्रीलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

84. 'किताब' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) जातिवाचक (B) व्यक्तिवाचक

(C) भाववाचक (D) समूहवाचक

by:BSEBResult.In

85. 'संयोग' शब्द का संधि-विच्छेद क्या है ?

(A) सम् + योग
(B) सं + योगा
(C) संयो + ग
(D) सन् + योग

86. 'दुर्गंध' शब्द का संधि-विच्छेद क्या है ?

(A) दुर + गंध
(B) दु + गंध
(C) दुः + गंध
(D) दुम + ध

87. 'दिगम्बर' शब्द का संधि-विच्छेद क्या है ?

(A) दिक् + अंबर
(B) दिग + अंम्बर
(C) दिक + अम्बर
(D) दिग् + अंबर

88. निम्नलिखित में कौन शुद्ध वाक्य है ?

(A) हम अच्छी भाषण दिए थे ।
(B) माँ ने मुझे राँची बुलायी ।
(C) सीता ने दही गिरा दिया ।
(D) राम रोटी खाया ।

89. 'जी चुराना' मुहावरे का अर्थ क्या होगा ?

(A) दिल भगा लेना
(B) दिल चुरा लेना
(C) किसी काम से भागना
(D) प्यार हो जाना

by:BSEBResult.In

90. 'बच्चा सो रहा है' - यह वाक्य किस क्रिया का उदाहरण है ?

(A) सकर्मक (B) अकर्मक

(C) नामबोधक (D) प्रेरणार्थक

91. 'घुटना टेकना' मुहावरे का अर्थ क्या होगा ?

(A) जीत जाना (B) हार मानना

(C) घुटना टूटना (D) हार-जीत न होना

92. 'चूँ न करना' मुहावरे का अर्थ क्या होगा ?

(A) बहाना करना (B) कम बोलना

(C) व्यर्थ निंदा करना (D) सह जाना

93. निम्नलिखित में कौन अन्तःस्थ व्यंजन है ?

(A) ष (B) प

(C) ड़ (D) ल

94. 'मैंने खाना खाया क्योंकि मुझे भूख लगी थी' - यह किस वाक्य का उदाहरण है ?

(A) मिश्र वाक्य का (B) सरल वाक्य का

(C) संयुक्त वाक्य का (D) निषेधवाचक वाक्य का

by:BSEBResult.In

95. निम्नलिखित में कौन कर्मधारय समास का उदाहरण है ?

(A) चिड़ीमार (B) अजन्मा

(C) चन्द्रमुख (D) प्रतिदिन

96. 'माता ! दया करो' – किस कारक का उदाहरण है ?

(A) अधिकरण कारक (B) संप्रदान कारक

(C) संबोधन कारक (D) अपादान कारक

97. 'विधानसभा' किस तत्पुरुष समास का उदाहरण है ?

(A) कर्म (B) करण

(C) संप्रदान (D) अधिकरण

98. 'दादा के बाल सफेद हैं' – किस कारक का उदाहरण है ?

(A) संबंध कारक (B) अपादान कारक

(C) करण कारक (D) कर्म कारक

99. 'रमेश पढ़ता है' – किस कारक का उदाहरण है ?

(A) कर्त्ता कारक (B) कर्म कारक

(C) करण कारक (D) संबंध कारक

100. अशोक वाजपेयी ने राज्य की सेवा किस रूप में की ?

(A) भारतीय प्रशासनिक सेवा (B) संगीतकार के रूप में

(C) राजनीतिज्ञ के रूप में (D) अर्थशास्त्री के रूप में

by:BSEBResult.In

खण्ड - ब

विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखें : $1 \times 8 = 8$

   (i) हमारे प्रिय उत्सव

   (ii) साहित्य और समाज

   (iii) प्राकृतिक आपदा : बाढ़

   (iv) वृक्षारोपण

   (v) चुनाव-प्रक्रिया

   (vi) राष्ट्रीय एकता ।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या करें : $2 \times 4 = 8$

   (i) "प्रत्येक पत्नी अपने पति को बहुत कुछ उसी दृष्टि से देखती है जिस दृष्टि से लता अपने वृक्ष को देखती होगी ।"

   (ii) "आदमी यथार्थ को जीता ही नहीं, यथार्थ को रचता भी है । "

   (iii) 'जादू टूटता है इस उषा का अब,
   सूर्योदय हो रहा है ।'

   (iv) 'पंचायती राज में जैसे खो गए पंच परमेश्वर ।'

3. अपने प्रधानाचार्य के पास एक आवेदन-पत्र लिखें, जिसमें किसी पर्यटन स्थल पर घूमने जाने का अनुरोध हो । 5

अथवा

बैंक मैनेजर के पास एक आवेदन-पत्र लिखें, जिसमें ए० टी० एम० कार्ड खो जाने की चर्चा हो ।

by:BSEBResult.In

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच के उत्तर दें। 5 × 2 = 10

(i) मानक और सिपाही एक-दूसरे को क्यों मारना चाहते हैं ?

(ii) जयप्रकाश नारायण की पत्नी का क्या नाम था ? वे किसकी पुत्री थीं ?

(iii) पुंडलीक जी कौन थे ?

(iv) 'जूठन' शीर्षक पाठ में विद्यालय में लेखक के साथ कैसी घटनाएँ घटती हैं ?

(v) लेखक मलयज के अनुसार 'धरती का क्षण' से क्या आशय है ?

(vi) तुलसी के हृदय में किसका डर है ?

(vii) कवि मुक्तिबोध के अनुसार 'प्यार का इशारा एक, क्रोध का दुधारा एक' का तात्पर्य क्या है ?

(viii) छत्रसाल की तलवार कैसी है ?

(ix) 'हृदय की बात' का क्या तात्पर्य है ?

(x) कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान का 'खिलौना' क्या है ?

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दें : 3 × 5 = 15

(i) पठित पाठ से लहनासिंह और सूबेदारनी के संवादों का वर्णन करें।

(ii) लेखक और मालती के संबंध का परिचय पठित पाठ के आधार पर दें।

(iii) कुंती का परिचय पठित पाठ के आधार पर दें।

(iv) कवि जायसी ने अपनी एक आँख की तुलना दर्पण से क्यों की है ?

(v) 'उषा' शीर्षक कविता का केन्द्रीय भाव लिखें।

(vi) गद्य कविता किसे कहते हैं ? इसकी क्या विशेषताएँ हैं ? 'हार-जीत' शीर्षक कविता को देखते-परखते हुए बताएँ।

by:BSEBResult.In

6. निम्नलिखित अवतरणों में से किसी एक का संक्षेपण कीजिए : 4

(i) किसी राष्ट्र या जाति में संजीवनी शक्ति भरनेवाला साहित्य ही है । इसलिए यह सर्वतो भावेन संरक्षणीय है । सब कुछ खोकर भी यदि हम उसे बचाये रहेंगे, तो फिर इसी के द्वारा हम सब-कुछ पा भी सकते हैं । इसे खोकर यदि बहुत कुछ पा भी लेंगे, तो फिर इसे कभी पा न सकेंगे । कारण, यह हमारे पूर्वजों का चिरसंचित ज्ञान वैभव ही साहित्य है । अन्यान्य लौकिक वैभव नश्वर है । यह अविनाशी है । इसलिए, इसका जो पल्ला पकड़े रहेगा, वह अमर होगा ।

(ii) हिन्दू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सभी धर्मों में एक ही प्रकार की उदारता है । तो फिर मनुष्य धर्म के नाम पर इतना उन्मत्त क्यों हो गया है ? मूल बात यह है कि इन झगड़ों का कारण धर्म नहीं है, इनके मूल में स्वार्थ है । स्वार्थी लोग धर्म का व्यवहार अपने स्वार्थ के लिए करते हैं । फलस्वरूप हिन्दुत्व भी विपन्न हो रहा है, इस्लाम भी नष्ट हो रहा है और सिख धर्म आहत हो रहा है । ऐसे ही स्वार्थी लोगों ने प्राचीन काल में धर्म का सहारा लिया ।

by:BSEBResult.In